बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 52/2020) का अतिरिक्त परीक्षाफल

दिनांक 25.01.2022 को उक्त विज्ञापन के अन्तर्गत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया था तथा दिनांक 06.05.2022 को अन्तिम परीक्षाफल भी प्रकाशित किया जा चुका है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना ज्ञापांक – 6026, दिनांक 19.04.2022 में अंकित है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा WP(C) No. 1052/2021, सुनील कुमार राय एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के मामले में दिनांक 21.02.2022 को पारित आदेश के आलोक में Lohara (लोहार) जाति को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य सुविधाएँ निरस्त करने का निर्णय लिया गया है एवं उक्त निर्णय के आलोक में राज्य की लोहार जाति को राज्य के अधीन अत्यन्त पिछड़ा वर्ग को देय आरक्षण सहित अन्य सभी सुविधाएँ पूर्व की भाँति अनुमान्य होंगी तथा बिहार हेतु अधिसूचित अत्यन्त पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची–1) के क्रमांक–115 पर अंकित प्रविष्टि कमार (लोहार और कर्मकार) पूर्व की भाँति पुनर्स्थापित समझी जायेगी।

इस विज्ञापन के अन्तर्गत लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 25.01.2022 को प्रकाशित किया गया था जिसमें अनुसूचित जनजाति (03) कोटि की 01 रिक्ति के आलोक में मेधाक्रमानुसार 03 उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 520312, 520482 एवं 520736 को सफल घोषित किया गया था। उक्त सभी 03 उम्मीदवार लोहार जाति के हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार की अधिसूचना ज्ञापांक – 6026, दिनांक 19.04.2022 के आलोक में उक्त 03 उम्मीदवारों के अत्यंत पिछड़ा वर्ग में मान्य होने के कारण अनुसूचित जनजाति कोटि की 01 रिक्ति के विरूद्ध चयनित उम्मीदवार अनुक्रमांक – 520736, आशुतोष कुमार का अन्तिम परीक्षाफल रद्द करते हुए इसकी सूचना आयोग के वेबसाईट पर दिनांक 01.07.2022 को प्रकाशित की गयी।

तदालोक में आयोग, लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा के परीक्षाफल के लिए तैयार की गयी पूर्व की संयुक्त मेधा सूची में से अनुसूचित जनजाति (03) कोटि की 01 रिक्ति के विरूद्ध 03 उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 520183, 520232 एवं 520618 को लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा में सफल घोषित करता है।

13.9.22

तिथि: 13 सितम्बर, 2022

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना